# उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून

कार्यवृत्त : कार्य परिषद् की द्वितीय सामान्य बैठक

दिनांक : 15 सितम्बर, 2009 मंगलवार

समय : 11.30 बजे पूर्वान्ह

स्थान : होटल पैसिफिक देहरादून

उपस्थिति :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 दुर्ग सिंह चौहान, कुलपति, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून | – अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 एच0 सी0 नैनवाल, प्रति–कुलपति, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून | – सदस्य |
| 3. | श्री राकेश शर्मा, प्रमुख सचिव, तकनीकी शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून | – सदस्य |
| 4. | श्री एस0 के0 जोशी, नेशनल फिजिकल लैबोरेटरी, डॉ के.एस.कृष्णन मार्ग, नई दिल्ली | – सदस्य |
| 5. | डॉ0 बी0 के0 गैरोला, महानिदेशक, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र, नई दिल्ली | – सदस्य |
| 6. | श्री आर0 सी0 शर्मा, संयुक्त सचिव, प्रतिनिधि प्रमुख सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून | – सदस्य |
| 7. | डॉ0 एम0 पी0 सिंह, अधिष्ठाता, प्रतिनिधि कुलपति, जी0बी0 पन्त कृषि एवं प्रौद्यौगिकी विश्वविद्यालय, पन्तनगर | – सदस्य |
| 8. | कर्नल डॉ0 जे0 एस0 विर्क, प्राचार्य, जी.बी. पंत इंजीनियरिंग कालेज, पौडी | – सदस्य |
| 9. | डॉ0के0 एस0 वैसला, प्रतिनिधि प्राचार्य, कुमॉंऊ इंजीनियरिंग कालेज, द्वाराहाट | – सदस्य |
| 10. | डॉ0 मृत्यंजय कुमार मिश्रा, कुलसचिव, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून | – सचिव |

निम्नलिखित सदस्यों द्वारा कार्य परिषद की बैठक में प्रतिभाग किये जाने में असमर्थता व्यक्त की गयी :–

1. श्री अर्पण गुप्ता, निदेशक, लिब्रटी शूज लिमिटेड, भगवानपुर, रूड़की।
2. श्री डी.के. पाण्डेय, निदेशक, ओ0एन0जी0सी0, नई दिल्ली ।
3. श्री एस.सी. सक्सेना, निदेशक, आई0आई0टी0, रूड़की।
4. प्रो0 एस0 एस0 मन्था, अध्यक्ष, ए0आई0सी0टी0ई0, नई दिल्ली।

**एजेण्डा बिन्दु –01**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की कार्य परिषद् की द्वितीय बैठक में माननीय कुलपति महोदय द्वारा समस्त सम्मानित सदस्यों का स्वागत।**

निश्चयः

- कुलपति प्रो0 डी0 एस0 चौहान द्वारा सभी उपस्थित सम्मानित सदस्यों का कार्य परिषद् की द्वितीय बैठक में स्वागत किया गया।
- कार्य परिषद् के सम्मानित सदस्य डॉ0 एस0 के0 जोशी द्वारा कार्य परिषद् के सभी सदस्यों की ओर से नवनियुक्त कुलपति प्रो0 डी0 एस0 चौहान का स्वागत किया ।
- कार्य परिषद् के अध्यक्ष व सभी सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय के निर्वतमान व प्रथम कुलपति प्रो0 वी0 के0 तिवारी के कार्यकाल की भूरि–भूरि प्रशंसा की गयी, तथा उनके द्वारा विश्वविद्यालय की प्रगति मे किये गये योगदान हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।
- कार्य परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से जुलाई व अगस्त माह 2009 में बी0 टैक0 प्रथम वर्ष मे प्रवेश हेतु पारदर्शी व सफलतापूर्वक काउन्सिलिंग कार्य को सम्पादित करने हेतु एन0 आई0 सी0, नई दिल्ली व इसकी राज्य इकाई को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

**एजेण्डा बिन्दु –02**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के कार्य परिषद् की प्रथम बैठक दिनांक 23 फरवरी, 2008 के कार्यवृत्त एवं की गयी कार्यवाही की पुष्टि।**

**विनिश्चय :**

कार्य परिषद् की 23 फरवरी, 2008 को सम्पन्न हुई प्रथम बैठक में पारित 48 एजेन्डा बिन्दु पर की गयी कार्यवाही हेतु कार्य परिषद् द्वारा एक तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया, जिसके सदस्य निम्नवत होंगे:–

1. प्रो0 एच0 सी0 नैनवाल, प्रति कुलपति, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून।
2. श्री वी0सी0 तिवारी, वित्त नियन्त्रक, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून।
3. डॉ0 एम0 पी0 सिंह, अधिष्ठाता, कालेज आफ टैक्नोलाजी, पंतनगर विश्वविद्यालय।

उक्त तीन सदस्यीय समिति, विश्वविद्यालय द्वारा की गई कार्यवाही का परीक्षण करके आगामी कार्य परिषद् की बैठक मे अपनी आख्या प्रस्तुत करेगी।

एजेण्डा बिन्दु –03

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की अद्यतन वार्षिक प्रगति आख्या पर चर्चा तथा अनुमोदन।**

**विनिश्चय :**

कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय की अद्यतन वार्षिक प्रगति आख्या का सभापटल पर प्रस्तुत की गई तथा सभी सदस्यों द्वारा इस पर संतोष व्यक्त किया गया।

एजेण्डा बिन्दु –04

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की वित्त समिति की द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम, षष्टम बैठकों के कार्यवृत्त की पुष्टि की।**

**विनिश्चय :**

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की वित्त समिति की द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम एवं षष्टम बैठकों के कार्यवृतों की कार्य परिषद् ने पुष्टि।

एजेण्डा बिन्दु –05

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की प्रथम एवं द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त पर चर्चा तथा अनुमोदन।**

**विनिश्चय :**

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की प्रथम व द्वितीय बैठकों के कार्यवृत्त कार्य परिषद् के अवलोकनार्थ व सूचनार्थ प्रस्तुत किये गये जिनको कार्य परिषद् ने सूचनार्थ ग्रहण किया।

एजेण्डा बिन्दु –06

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा आवंटित की गयी भूमि एवं भवन पर चर्चा तथा अनुमोदन।**

टिप्पणी

प्रथम बैठक में की गयी अपेक्षा के अनुरूप उत्तराखण्ड सरकार द्वारा विश्वविद्यालय 9.37 हेक्टेअर भूमि सुद्धोवाला में आवंटित की गयी है। इस भूमि पर विश्वविद्यालय के भवन का निर्माण कराना है जिसके लिए उचित होगा कि भारत सरकार/उत्तराखण्ड सरकार के लोक उपक्रम को यह कार्य आवंटित किया जाये, साथ ही एक अनुभवी विशेषज्ञ आर्किटेक्ट कंसलटेंट आउटसोर्स पर लिया जाये जिससे कि भवन निर्माण का कार्य शीघ्र आरम्भ कराया जा सके।

**विनिश्चय :**

उत्तराखण्ड शासन द्वारा विश्वविद्यालय को 9.37 हेक्टेअर भूमि सुद्धोवाला मे आबंटित की गई है, इस हेतु कार्य परिषद् द्वारा शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा भूमि आबंटन मे तत्कालीन मुख्यमंत्री, मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) श्री बी.सी. खण्डूरी जी द्वारा किये गये शासकीय तथाा व्यक्तिगत प्रयासो हेतु कार्य परिषद् द्वारा उन्हें भी धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया गया।

प्रमुख सचिव, तकनीकी शिक्षा द्वारा कार्य परिषद् को अवगत कराया गया कि शासन स्तर पर उक्त भूमि पर निर्माण हेतु शासकीय उपक्रम को चिन्हित करने का कार्य प्रगतिमान है।

परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय के प्रस्तावित भवन निर्माण इत्यादि हेतु एक विजन कमेटी का गठन किया गया। इस समिति के निम्नवत सदस्य है:-

1. प्रो0 डी0 एस0 चौहान, कुलपति, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून।
2. श्री राकेश शर्मा, आई0ए0एस0, प्रमुख सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
3. डॉ0 वी0 के0 गैरोला, डी0जी0 एन0आई0सी0, नई दिल्ली।
4. डॉ0 एस0के0 जोशी, एन0पी0एल0, नई दिल्ली।

कार्य परिषद् द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि उक्त समिति के दिशा निर्देश में ही विश्वविद्यालय को आबंटित भूमि पर भवन निर्माण तथा अन्य विकास के कार्य सम्पादित होगें।

**एजेण्डा बिन्दु –07**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के लिए आगामी वर्ष की योजनाओं पर चर्चा तथ अनुमोदन।**

रिषद् द्वारा विश्वविद्यालय की आगामी वर्ष की योजनाओं पर चर्चा की गई व अनुमोदन किया ा साथ मे यह भी निर्देशित किया गया कि भविष्य में योजनाओं का विस्तृत विवरण पावर प्वाइन्ट प्रजैनटेशन के माध्यम से कार्य परिषद् के समक्ष रखा जाय।

**एजेण्डा बिन्दु –08**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थानों के सम्बद्धता विस्तारीकरण पर चर्चा तथा अनुमोदन।**

**विनिश्चय:**

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थानो की सम्बद्धता विस्तार करने पर चर्चा की गई। कुलपति द्वारा सम्बद्धता प्रदान करने के विभिन्न एककों को प्रस्तुत किया गया। कार्य परिषद् द्वारा सम्बद्धता फीस को केवल एक बार लेने हेतु प्रस्तावित किया गया। जिस पर कुलपति द्वारा शासन तथा ए0आई0सी0टी0ई0 मानकों के अनुसार कार्यवाही करने का प्रस्ताव दिया गया। विश्वविद्यालय द्वारा कार्य परिषद् को यह सूचित किया गया कि सभी संस्थानो के सम्बद्धता सम्बन्धी प्रकरण विश्वविद्यालय द्वारा शासन के माध्यम से कुलाधिपति कार्यालय को प्रेषित कर दिये गये है।

**एजेण्डा बिन्दु –09,10,11**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा इस सत्र से प्रारम्भ कराये गये एम. टेक. सिक्वेंशियल, विभिन्न विषयों में पी.एच.डी., एम0बी0ए0, होटल मैनेजमैन्ट पाठ्यक्रम को जी0आई0एच0एम0 देहरादून तथा आम्रपाली इस्टीटयूट, हल्द्वानी तथा एम0 फार्मा पाठ्यक्रम को डी0आई0टी0, एस0बी0एस0 बालावाला तथा गुरू राम राय संस्थान देहरादून मे प्रारम्भ करने हेतु का नुमोदन।**

**निश्चय:–**

विद्यालय द्वारा इस सत्र से प्रारम्भ किये गये एम0 टेक0 सैक्विशियल व विभिन्न विषयों मे च0डी0 पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करने के बारे मे कार्य परिषद् को सूचित किया गया इसी प्रकार 0ए0 होटल मैनेजमैन्ट पाठ्यक्रम को जी0आई0एच0एम0 देहरादून तथा आम्रपाली संस्थान, ी मे प्रारम्भ करने हेतु तथा एम0 फार्मा0 पाठ्यक्रम को डी0आई0टी0, एस0बी0एस0 बालावाला

तथा गुरू राम राय संस्थान देहरादून मे शुरू करने हेतु कार्य परिषद् के अवलोकनार्थ प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। विदित है कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों हेतु पूर्व मे ही विद्या परिषद् की अनुमति ले ली गयी है।

**एजेण्डा बिन्दु –12**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर पदों पर चर्चा तथा अनुमोदन।**

**टिप्पणी:–**

विश्वविद्यालय द्वारा कार्य परिषद् मे शिक्षक एव शिक्षणेत्तर पदों का विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तावित किया गया है। इसमे पूर्व मे शासन द्वारा सृजित तथा भरे गये तथा भविष्य मे आवश्यक पदोंको सृजित करने का पूर्व विवरण दिया गया है। विश्वविद्यालय ने इन पदों का शून्य वित्तीय सहायता पर शासन से सृजित करने का निवेदन किया है।

**विनिश्चय:–**

परिषद् ने चर्चा के उपरान्त यह निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित पदोंके सृजन के प्रस्ताव को शासन को प्रेषित करने हेतु कुलपति जी को अधिकृत किया गया। विदित है कि विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की धारा 12 (बी) में लाने हेतु पदों का सृजन अति आवश्यक है। अतः कुलपति शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर पदों के प्रस्ताव शासन को प्रेषित करेंगे।

**एजेण्डा बिन्दु –13**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के भवन निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था निर्धारित किये जाने के विषय में चर्चा तथा अनुमोदन।**

**विनिश्चय**

शासन द्वारा विश्वविद्यालय को आवंटित भूमि पर अकादमिक, प्रशासनिक एवं आवासीय भवनों के निर्माण हेतु तथा इससे पूर्व साइट प्लान, चाहरदीवारी, समतलीकरण व अन्य सुविधाएं ए0आई0सी0टी0ई0 मानकों के अनुसार बनाने हेतु मद संख्या–6 के अनुसार गठित समिति के दिशा–निर्देश के अनुसार किया जायेगा। उक्त कार्य हेतु शासन द्वारा कार्यदायी संस्था निर्धारित करने हेतु कार्यवाही शासन स्तर पर गतिमान है।

एजेण्डा बिन्दु –14

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के सेमेस्टर परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिका 6 माह तक सुरक्षित रखने के उपरान्त नष्ट किये जाने पर चर्चा तथा अनुमोदन।**

**विनिश्चय**

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं को छः माह तक सुरक्षित रखने के उपरान्त नष्ट किये जाने पर विचारोपरान्त परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से इस पर निर्णय लेने हेतु कुलपति जी को अधिकृत किया गया।

**एजेण्डा बिन्दु –15**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शैक्षिक सत्र का कार्य परिषद् द्वारा अनुमोदन।**

**विनिश्चय**

कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के शैक्षिक कैलेण्डर का अनुमोदन किया गया।

**एजेण्डा बिन्दु –16**

**विगत वर्षों में तत्कालीन कुलपति द्वारा प्रदान की गई कैरी ओवर व्यवस्था को विगत सत्र से समाप्त करने हेतु कार्य परिषद् पर चर्चा तथा अनुमोदन।**

**विनिश्चय**

कार्य परिषद ने गहन विचार–विमर्श के पश्चात तत्कालीन कुलपति द्वारा प्रदान की गई कैरी ओवर व्यवस्था को समाप्त करने की संस्तुति प्रदान कर दी।

**एजेण्डा बिन्दु –17**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में चली आ रही स्क्रूटनी की वर्तमान व्यवस्था को समाप्त करने हेतु कार्य परिषद् पर चर्चा तथा अनुमोदन।**

विनिश्चय

विश्वविद्यालय द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के समय ही स्क्रूटनी का प्राविधान कर दिया गया है, साथ ही कुलपति द्वारा परिषद को यह भी अवगत कराया गया कि जिन छात्रों के 30 प्रतिशत से कम अंक आते हैं, उनका मुख्य मूल्यांकन के समय ही पुनः मूल्यांकन का प्राविधान कर दिया जाना है। अतः उपरोक्त व्यवस्थाओं को दृष्टिगत रखते हुए कार्यपरिषद द्वारा स्क्रूटनी की वर्तमान व्यवस्था को समाप्त करने पर अपनी सहमति प्रदान की गई।

एजेण्डा बिन्दु –18

**विश्वविद्यालय में प्रति कुलपति की नियुक्ति पर चर्चा तथा अनुमोदन**

विनिश्चय

प्रो0 एच0सी0 नैनवाल विशेष कार्याधिकारी को कुलपति द्वारा अग्रिम आदेशों तक प्रतिकुलपति पद पर नियुक्त किया गया है। कार्यपरिषद द्वारा प्रो0 एच0 सी0 नैनवाल की प्रतिकुलपति के पद पर हुई नियुक्ति का अनुमोदन किया गया।

एजेण्डा बिन्दु –19

**सप्लीमैन्ट्री एजेण्डाः– उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की द्वितीय बैठक में अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दुओं पर चर्चा तथा अनुमोदन**

**कार्य परिषद के सम्मानित सदस्यों द्वारा निम्न प्रस्ताव परिषद् समक्ष प्रस्तुत किये गयेः–**

1. बी0टैक0 प्रथम वर्ष में 10+2 की मैरिट के आधार मर रिक्त सीटों पर प्रवेश दिये जाने संबंधी।
2. विश्वविद्यालय में अकादमिक समिति का गठन।
3. कार्य परिषद की बैठक प्रत्येक तीन माह करने संबंधीः–

अध्यक्ष, कार्य परिषद् द्वारा उपरोक्त प्रस्तावों को कार्य समिति में प्रस्तुत करने की अनुमति प्रदान की गई एवं चर्चा के उपरान्त निम्न निर्णय पारित किये गये।

## निश्चय

1. सभी सदस्यों द्वारा शासन द्वारा जारी अधिसूचना को दृष्टिगत करते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि बी0टैक0 प्रथम वर्ष में AIEEE Rank के आधार पर ही प्रवेश दिया जायेगा। 10+2 की मैरिट के आधार पर रिक्त सीटों पर प्रवेश किये जाने पर सर्वसम्मति से असहमति जताई गयी तथा यह प्रस्ताव कार्य परिषद् द्वारा निरस्त कर दिया गया।
2. एक अकादमिक समिति का स्थायी रूप से स्थापित किये जाने का निर्णय भी लिया है। जिसमे एक आचार्य, दो उपाचार्य व तीन वरिष्ठ प्रवक्ताओं के पदों को प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्त किये जायेगें। यह समिंति विश्वविद्यालय के अकादमिक क्रियाकलापो पर कुलपति के अधीन कार्य करेगी।
3. अध्यक्ष, कार्य परिषद की अनुमति से सभी सम्मानित सदस्यों द्वारा कार्य परिषद की बैठक तीन माह के अन्तराल पर किये जाने हेतु चर्चा हुई। परिषद द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक तीन माह के पश्चात कार्यपरिषद की बैठक आयोजित की जायेगी। यदि किसी कारणवश यह संभव न हो तो कारणों का उल्लेख करते हुए सदस्यों को सूचना प्रेषित की जायेगी।

**एजेण्डा बिन्दु –20**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की द्वितीय बैठक में अध्यक्ष /सदस्यों को कुलसचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन।**

**विनिश्चय**

अन्त में कुलसचिव द्वारा अध्यक्ष तथा सभी सम्मानित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अध्यक्ष महोदय–की अनुमति से कार्य परिषद की द्वितीय बैठक का समापन किया गया।

कुलपति

कुलसचिव